हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री


11 होली त्योहार में 300 से अधिक पुलिस जवान व 33 पेट्रोलिंग ...





12 गर्मी से पहले शहर को मिलेगा भरपूर पानी




## खबर संक्षेप

### गंगरेल रिसोर्ट में 4 को बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली

**धमतरी।** गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली का आयोजन किया गया है। रिसोर्ट के मैनेजर सुमंतकुमार ने बताया कि गंगरेल स्थित बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में 4 फरवरी बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम तक बरदिहा वाली छत्तीसगढ़िया होली का आयोजन किया गया है जिसमें रैन डांस, रंगों की होली, डीजे सहित छत्तीसगढ़िया पकवानों के साथ ग्रांड बफे की व्यवस्था रहेगी। यह फैमिली के लिए आयोजित है जिसमें सिर्फ कपल शामिल हो सकते हैं। बरदिहा वाली होली के लिए पंजीयन शुल्क 1100 रुपए प्रति कपल रखा गया है।

### छग पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 मार्च शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। नववर्ष का मिलन समारोह मनाया जाएगा। वीरेन्द्र नाग अध्यक्ष, मोतीलाल हिरवानी सचिव ने सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों का होली मिलन 6 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ कुरूद ब्लाक का होली मिलन समारोह 6 मार्च शुक्रवार को खेल मैदान कुरूद में 12 बजे रखा गया है। संघ के अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष हीरालाल साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने कुरूद ब्लाक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### पेंशनरों की मासिक बैठक होगी 5 को

**मगरलोड।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा मगरलोड की मासिक बैठक 5 मार्च गुरुवार को स्थानीय पेंशनर कार्यालय मगरलोड में रखी गई है। बैठक में नियमित कार्यक्रम के अलावा वार्षिक शुल्क वसूली हेतु रसीद बुक एवं सूची दी जाएगी। सभी जोन प्रभारी एवं पेंशनरों से उपस्थिति की अपील की गई है। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी कोमल सिंह साहू ने दी है।

### कचना में लोककला महोत्सव 20 से

**जीजामगांव।** इस वर्ष भी छग रामधुनी महासंघ के मार्गदर्शन में त्रिदेव लोक महोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 20, 21 एवं 22 मार्च को गौठान चौक बस स्टैंड कचना में लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस संध्या 4 बजे से भव्य कलश शोभायात्रा राउतनाचा के साथ निकलेगी। इसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया जायेगा। रात्रि में जस झांकी कार्यक्रम होगा। द्वितीय एवं अंतिम दिवस रामायण, पंडवानी, पंथी नृत्य, जस झांकी, रामधुनी, नाचा, फाग एवं छत्तीसगढ़ी लोककला मंच की प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में जय अम्बे रामधुनी, श्रीराम महाकाव्य मानस मंडली एवं जय सरस्वती रामधुनी मंडली कचना के सदस्य जुटे हैं।

### चरमुड़िया स्कूल में हुआ न्योता भोज

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला चरमुड़िया में दीपक पटेल ने अपनी पत्नी अपर्णा पटेल के जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को खीर-पूड़ी, चावल-दाल, गोभी, आलू, नवलगोल, मटर की सब्जी परोसी गई। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका गायत्री चंद्राकर, सहायक शिक्षक चेमनलाल साहू उपस्थित थे।

# सोमवार की रात जली होली, आज शाम भी होगा होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

होली दहन की रात चंद्रग्रहण लगने से होली पर्व की रूपरेखा बदल गई है। शहर के प्रमुख तथा अधिकांश स्थानों पर सोमवार की रात होली जलाई गई। कई स्थानों पर आज मंगलवार की शाम होलिका दहन होगा, लेकिन रंगोत्सव बुधवार को ही मनाया जाएगा।

औद्योगिक वार्ड पुरानी कृषि उपज मंडी के पीछे विगत 30 वर्षों से अग्रवाल समाज खंडेलवाल समाज, महावर समाज विधि विधानपूर्वक होलिका दहन का आयोजन करता है। योगेश महावर, अमित अग्रवाल, कमलकिशोर अग्रवाल आदि आयोजनकर्ताओं ने बताया कि सोमवार की रात 1.40 बजे होलिका दहन का मुहूर्त रहा। समाज के लोगों ने सपरिवार होलिका दहन किया। शहर में 110 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। ज्योतिष एवं आचार्य की गणना के अनुसार सोमवार को कई जगह रात 1.30 बजे से 2.30 बजे तक होलिका दहन का शुभ समय था। वहीं कई जगहों पर मंगलवार शाम 7 बजे होलिका दहन किया जाएगा।

आमापारा स्थित गौरा चौरा में होलिका दहन मंगलवार को किया जाएगा। गणेश चौक में आयोजन समिति के रवि कसार ने बताया कि सोमवार रात 1.30 बजे के बाद होली जलाई गई। बालक चौक में मंगलवार को होलिका दहन होगा। होली पर्व को लेकर अंचल में उत्साह का माहौल है।

### फाल्गुन पूर्णिमा पर भद्रा, सूतक और ग्रहण लगने से होलिका दहन पर संशय बरकरार





#### आज मंदिरों के पट रहेंगे बंद

शहर की अधिष्ठात्री देवी विंध्यवासिनी मंदिर के पुजारी विष्णुप्रसाद शुक्ला ने बताया कि सूतक लगने के कारण मंदिरों के पट मंगलवार सुबह 9.07 बजे से बंद रखे जाएंगे। शाम 7.30 बजे द्वार खुलेंगे। गणेश मंदिर के पुजारी होमन तिवारी ने बताया कि गणेश मंदिर का पट मंगलवार सुबह 6.27 बजे बंद किया जाएगा। शाम 6.47 बजे मोक्ष के बाद पट खुलेगा।

### भखारा खरीदी केंद्र में एक किसान आया, बाकी 10 केंद्रों में बोहनी का इंतजार

# पहले दिन साढ़े तीन क्विंटल से चना खरीदी की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

साढ़े तीन हजार क्विंटल चना के साथ सोमवार को खरीदी का शुभारंभ हुआ। पहले दिन सिर्फ एक केंद्र में चने की आवक हुई। अभी फसल कटाई, मिंजाई में अभी काफी वक्त है। उम्मीद है कि होली के बाद से फसल कटाई में रफ्तार आएगी। 15 मार्च से खरीदी भी गति पकड़ लेगी।

सोमवार से जिले में चना खरीदी का शुभारंभ किया गया। चना खरीदी के लिए जिलेभर में 11 केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन सिर्फ भखारा खरीदी केंद्र में चने की आवक हुई। यहां पर ईर्रा के कृषक हेमंत साहू पिता कल्याण साहू 3.5 क्विंटल चना लेकर आए थे। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर खरीदी प्रारंभ की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों को मिठाई भी बांटी गई।

खरीदी के दौरान भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, पार्षदगण, प्राधिकृत अधिकारी गोविंद सिंह राजपूत, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनोज सागर, कृषि विस्तार अधिकारी केएस ध्रुव, केशेन्द्र सोन सहित अन्य कृषक उपस्थित थे। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि चने की खरीदी अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत किया जा रहा है।



फाइल फोटो

#### चलेगा पंजीयन

अब तक 4 हजार किसानों ने चना बेचने के लिए पंजीयन कराया है। सोमवार को पंजीयन को लेकर असमंजस की स्थित दूर हो गई। सोमवार को भी पंजीयन का साफ्टवेयर खुला रहा। दोपहर दो बजे तक पंजीयन चलता रहा। इसके बाद कुछ तकनीकी समस्या के चलते पंजीयन थम गया। बताया गया है कि पंजीयन अभी चलता रहेगा।

#### फसल कटाई का इंतजार

धान खरीदी का शुभारंभ हो चुका है, लेकिन अब तक फसल कटाई ढंग से शुरू नहीं हुई है। सिर्फ एक दो किसानों की फसल कटाई हुई। किसान त्योहार का इंतजार कर रहे हैं। त्योहार के बाद किसानों की फसल तैयार होगी और कटाई मिंजाई की रफ्तार पकड़ेगी। उधर जिले के सभी 11 खरीदी केंद्रों में खरीदी की तैयारी कम्पलीट हो चुकी है। कर्मचारी आवक तेज होने का इंतजार कर रहे हैं।

# शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा 23 लोगों को मिली जमानत



आरटीआई कार्यकर्ता चंदना निवासी कृष्ण कुमार साहू गवाही देने कोर्ट पहुंचे

- हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका पेश की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में 23 लोगों को जमानत दे दी गई है। सोमवार को सभी 23 लोग गवाह और जमानत के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ न्यायालय पहुंचे थे। सुनवाई के बाद उन्हें रेगुलर बेल दी गई। गवाह के रूप में आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू कोर्ट पहुंचे थे। शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में 23 लोगों ने अग्रिम जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका पेश की थी, जहां से उन्हें अग्रिम जमानत मिल गई। सोमवार को इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई, जहां पर न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने बाद उन्हें नियमित जमानत दे दी। जानकारी के अनुसार गैंदलाल साहू, लोकेश कुमार साहू, ऐन सिंग साहू, उर्मिला साहू, आसनी साहू, साधना साहू, घनश्याम ध्रुव, निशा निषाद, टिंकूराम साहू, हरिशंकर साहू, किशोर कुमार साहू, ईश्वरी निर्मलकर, विद्या साहू, हेमंत कुमार साहू, थानेश्वर कुमार कश्यप, भागीरथी सोनकर, पूनम सोनवानी, सुनील कुमार जांगड़े, युकेश साहू, नम्मूराम साहू, शिवकुमार सोनी, उषा गायकवाड़, मंजू कोसरिया को जमानत मिली है।

# न्यायालयीन आदेश पर भी अतिक्रमण नहीं हटाने की शिकायत



- जय मां बम्लेश्वरी समिति अमलीडीह ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

न्यायालयीन आदेश के बावजूद शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। भखारा तहसील के ग्राम अमलीडीह की जय मां बम्लेश्वरी समिति ने सोमवार को कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि समिति ने 10 जुलाई 2025 को ग्राम तथा अन्य प्रमुख लोगों की उपस्थिति में पौधरोपण किया था। दो दिन बाद 13 जुलाई को गांव के दो भाइयों ने पौधरोपण हुए अनेक पौधों को उखाड़कर फेंक दिया और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर तारकांटा से घेरा लगा लिया जिसे लेकर समिति ने न्यायालय नायब तहसीलदार के समक्ष वाद पेश किया। न्यायालय ने 20 नवंबर 2025 को ग्राम पंचायत अमलीडीह को बेदखली का आदेश जारी कर धारा 56 के तहत नियमानुसार कार्रवाई कर 7 दिवस के भीतर पालन प्रतिवेदन के लिए कहा। पंचायत अमलीडीह ने न्यायालीन आदेश पर अतिक्रमण हटाने को लेकर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। समिति ने कलेक्टर से शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। आवेदन करने वालों में समिति के राजकुमार, चुम्मन, लक्ष्मीनारायण, सतवन, रोमसिंग, दिनेश, कीर्तन आदि शामिल थे।

# होली पर्व से पूर्व खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए

- खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में विशेष जांच अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में विशेष जांच अभियान चलाया गया। होली पर्व के मद्देनज़र मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों की रोकथाम के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शहर एवं आसपास के क्षेत्र में संचालित मिठाई दुकानों, किराना प्रतिष्ठानों एवं खाद्य व्यवसाय इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेड़ा, गुजिया, कलाकंद, खाद्य तेल, बेसन, सूजी, चीनी, मैदा, दूध सहित अन्य मिष्ठान्न पदार्थों के नमूने संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजे। परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को साफ-सफाई बनाए रखने, मिलावटी अथवा अमानक खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय न करने, कृत्रिम रंग एवं हानिकारक तत्वों के उपयोग से परहेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बिना वैध लाइसेंस, पंजीयन खाद्य व्यवसाय संचालित न करने, उत्पादों पर निर्माण तिथि एवं अवसान तिथि स्पष्ट अंकित करने तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित पैकेजिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।



# टहलने निकले युवकों को बाइक ने मारी ठोकर, एक की मौत, दूसरा घायल

- लोहरसी मार्ग की घटना, चालक अंधेरे का फायदा उठा मौके से भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टहलने निकले युवकों को तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दी। घटना में एक युवक की मौत हो गई है, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन के रामनगरपारा निवासी जितेंद्र शांडिल्य पिता दिनेश्वर उम्र 35 वर्ष बाइक मैकेनिक का काम करता था। रविवार की रात्रि जितेंद्र अपने साथी खिलेंद्र साहू के साथ पैदल टहलते हुए लोहरसी मार्ग पर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बाइक के चालक ने युवको को केंद्रीय विद्यालय लोहरसी के पास युवकों को ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक अंधेरे का फायदा उठा बाइक के साथ मौके से भाग गया। बाइक की ठोकर से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर वरदान संस्था की टीम घटनास्थल पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए घायलों को नंदा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल जितेंद्र की सोमवार की सुबह मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल का अस्पताल में उपचार जारी है। चौकी पुलिस ने सोमवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।





### असामाजिक तत्वों को दी कड़ी चेतावनी, सीसीटीवी से निगरानी

# होली पर पुलिस व जिला प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

होली (धुलेंडी) पर्व के मद्देनज़र जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ संयुक्त फ्लैग मार्च किया। यह मार्च पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

फ्लैग मार्च रक्षित केंद्र से प्रारंभ होकर लक्ष्मी निवास, अंबेडकर चौक, रत्नाबांधा, मुजगहन, मकई चौक, सिहावा चौक, बस स्टैंड, अर्जुनी मोड़, नहरनाका चौक होते हुए विंध्यवासिनी मंदिर तक निकाला गया। इस दौरान आम नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी दी गई।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अड्डेबाजी, गुंडागर्दी, चाकूबाजी, शराबखोरी या किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। शहर में सघन पेट्रोलिंग, नाकाबंदी, सीसीटीवी निगरानी, होटल-ढाबा एवं लॉज की जांच और संदिग्ध व्यक्तियों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि होली आपसी प्रेम और सौहार्द्र के साथ मनाएं, जबरदस्ती रंग न लगाएं, नशे में वाहन न चलाएं, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना टोल फ्री नंबर 100/112 या कंट्रोल रूम नंबर 94791-92299 पर देने को कहा गया है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, अपर कलेक्टर इंदिरा देहारी, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल उपस्थित थे।





# शतरंज में खिलेंद्र ने जीता स्वर्ण पदक



**धमतरी।** भारत सरकार के केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड द्वारा 17 से 26 फरवरी तक नई दिल्ली स्थित त्यागराज इंडोर स्टेडियम में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज शतरंज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले के खिलेंद्र साहू व्यायाम शिक्षक सेजेस विद्यालय हटकेश्वर धमतरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अर्जित किया।

प्रतियोगिता में बोर्ड वर्ग में खेले गए मैचों के आधार पर प्राप्त अंकों के मेरिट चयन में खिलेन्द्र साहू ने 37 टीमों के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर धमतरी का नाम रोशन कर रहे हैं, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर एसडीएम एवं जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, डीईओ अभय जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलआर चौधरी, डीएसओ श्रीमती एस. देवदास, एएसओ जगतपति देव, प्राचार्य आरके शर्मा, वरिष्ठ व्याख्याता घनश्याम साहू, देवशंकर देव, थॉमस पाल, गोपाल साहू, प्रखर श्रीवास्तव, देवभारत साहू, विकास सिंह ठाकुर, कैलाश ध्रुव ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### होली में किसी भी प्रकार का विद्वेष न रखें : अनुराग



**जीजामगांव।** जनपद पंचायत कुरूद के क्षेत्र क्रमांक 20 से युवा जनपद सदस्य अनुराग साहू ने क्षेत्रवासियों से होली पर्व को आपसी प्रेम, सद्भाव और शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की है। श्री साहू ने कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि होली के रंग में किसी भी प्रकार का विद्वेष न रखें। हुड़दंग और नशाखोरी से दूर रहकर शालीनता के साथ खुशियां मनाएं।प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करें ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। उन्होंने कामना की कि होली का यह रंगीन उत्सव सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई उमंग लेकर आए।

### होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 4 मार्च को होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के तहत होली के अवसर पर जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सी.एस.2 (घघ), विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ) विदेशी कंपोजिट मदिरा दुकान एफ.एल.1 (घघ–कंपोजिट), देशी विदेशी मदिरा अहाता तथा एफ. एल. 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगा तथा अवैध शराब बिक्री, धारण, परिवहन आदि पर समुचित नियंत्रण रखा जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने आपदा पीड़ित को राशि जारी की। कोण्डागांव तहसील के ग्राम तहसीलपारा वार्ड निवासी कमलसिंह ठाकुर की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी कोयन्तीन बाई ठाकुर, पुत्री संगीता ठाकुर एवं पुत्र राहुल ठाकुर को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। केशकाल तहसील के ग्राम दादरगढ़ निवासी गुप्तेश्वरी कोरेटी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता राधिका कोरेटी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। फरसगांव तहसील के ग्राम कुल्हाड़गांव निवासी सुकड़ीबाई की दीवार गिरने से दबकर मृत्यु होने पर उनकी पुत्री बुधयारिन एवं दशनी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम विश्रामपुरी निवासी जयोबाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री कुमारी एवं संगीता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई।

## निधन

### फगनीबाई निषाद



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी फगनी बाई निषाद का 1 मार्च रविवार को स्वर्गवास हो गया है। वे टेकराम निषाद की मां, नरोत्तम निषाद, जीवराखन निषाद, राकेश, पवन निषाद , दाऊलाल निषाद की चाची थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

**न्यायालय श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ-श्रेणी धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

भूमिसुता प्रधान एवं 1 अन्य ....वादीगण

// विरुद्ध //

आम जनता ....प्रतिवादी

प्र.क्र.-04अ/2026 पेशी दिनांक-16.03.2026 आदेश दिनांक-23.01.2026

प्रति,

आम जनता धमतरी को सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध वादीगण ने माननीय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ-श्रेणी धमतरी के न्यायालय में वाद क्र.-04अ/2026 अंतर्गत वाद पत्र वास्ते हितेश प्रधान पिता-स्व. मीठालाल प्रधान निवासी-रामपुर वार्ड धमतरी, तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.) दिनांक 02.05.2016 से पुलिस अधीक्षक बंगला ड्यूटी से बगैर किसी को सूचना दिये कहीं चले जाने के कारण एवं आज दिनांक तक जो 7 वर्ष से अधिक समयावधि होने से धारा 108 भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 एवं नवीन भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धारा 111 के अनुसार सिविल डेथ की घोषणात्मक आज्ञप्ति बाबत् का प्रस्तुत किये हैं जिसकी आगामी सुनवाई दिनांक 16.03.2026 को नियत है।

आम जनता धमतरी को सूचना इस समाचार पत्र के माध्यम से दी जाती है कि आप सुनवाई दिनांक 16.03.2026 दिन सोमवार को स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से समस्त दस्तावेजों सहित जानकारी दे दी गई हो ठीक 11 बजे प्रातः उपस्थित होवें। यदि पेशी दिनांक 16.03.2026 को न्यायालयीन अवकाश हो जाता है या कार्यवाही स्थगित हो जाती है तो सुनवाई आगामी कार्यदिवस पर होगी।

अतः आम जनता धमतरी को सूचना दी जाती है कि सुनवाई तिथि पर न्यायालय में उपस्थित होवें, अनुपस्थिति की दशा में आप आम जनता धमतरी के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

दिनांक-28/02/26

(सुश्री मीनू नंद)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ-श्रेणी धमतरी

चना, सरसों, मक्का लगाने से लाभ के साथ जल संरक्षण में भी सहायता मिलेगी : ज्योति

# भखारा में चना उपार्जन केंद्र खुला, किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत प्राइस स्कीम के तहत अधिसूचित रबी फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु भखारा में चना उपार्जन केंद्र का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष विष्णु साहू एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में केंद्र का संचालन प्रारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर ग्राम इर्रा निवासी कृषक हेमंत साहू पिता कल्याण साहू का 3.5 क्विंटल चना खरीदा गया। नगर पंचायत भखारा अध्यक्ष श्रीमती जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना है। उन्होंने कहा कि धान के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली फसल जैसे चना, सरसों, मसूर एवं मक्का लगाने से किसानों को बेहतर लाभ के साथ-साथ जल संरक्षण में भी सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री की समर्थन मूल्य नीति के अंतर्गत इन फसलों की खरीदी से किसानों की आय में वृद्धि होगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगे। चना उपार्जन केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को अब अपनी उपज बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और परिवहन लागत की बचत होगी।

कृषि अधिकारियों ने भी किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने एवं रबी फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

मौके पर पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, खेमलता साहू, जितेंद्र साहू, चक्रसुदर्शन चंदेल, भूपेश्वरी चंदेल, सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी गोविंद सिंह राजपूत, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, अनुभागीय कृषि अधिकारी मनोज सागर, कृषि विस्तार अधिकारी केएस ध्रुव एवं केशेंद्र सोन, सहकारी समिति प्रबंधक तरुण साहू, राम साहू, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा प्रभारी स्मिता अखिलेश, मंडी निरीक्षक विदेशी राम साहू सहित विभिन्न गांवों से आए कृषक मौजूद थे।

# होली पर्व में डीजे पर प्रतिबंध, गाली-गलौज करने पर 5 हजार का अर्थदंड

■ मड़ेली में ग्राम विकास समिति एवं पंचायत की संयुक्त बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



क्षेत्र के ग्राम मड़ेली में ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें इस वर्ष होली पर्व को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि ग्राम मड़ेली में 4 मार्च बुधवार को पारंपरिक भाईचारा, प्रेम और उल्लास के साथ होली मनाई जाएगी। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक रंग-गुलाल, गायन-वादन और नृत्य के कार्यक्रम होंगे। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन जैसे ठेठरी, खुर्मी सहित मेवा-मिष्ठान का भी आयोजन रहेगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि होली के दिन गांव में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सार्वजनिक स्थानों या गली-मोहल्लों में शराब पीते या गाली-गलौज करते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। दोपहर 3 बजे के बाद रंग-गुलाल बंद कर सभी ग्रामवासी साफ-सुथरे वस्त्रों में एक-दूसरे से मिलकर बड़े-बुजुर्गों, माताओं-बहनों का सम्मान करेंगे।

बैठक में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष संतराम साहू, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, कोषाध्यक्ष लालसिंग चंदेल, सचिव चेतन साखरे, सोशल मीडिया प्रभारी शेखर साहू, जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू ,सरपंच वीणा साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, पंच दौलतराम साहू, चेतन लाल साहू, कोटवार जितेंद्र नागरची सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बोनस मिलने से किसानों के चेहरे पर आई खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत आदान सहायता राशि का एकमुश्त वितरण होली पर्व से पूर्व किया गया। इस निर्णय के तहत प्रदेश के 24 लाख से अधिक किसानों के खातों में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बोनस राशि सीधे अंतरित की गई। राशि मिलने से किसानों में उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल है।

कृषि प्रधान राज्य छत्तीसगढ़ में किसानों की आर्थिक मजबूती को ध्यान में रखते हुए यह सहायता दी गई है, ताकि वे खरीफ और रबी फसलों के लिए बीज, खाद और कीटनाशक जैसी आवश्यक सामग्री समय पर खरीद सकें। इससे खेती की लागत घटेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी।

भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत मगरलोड के अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि योजना किसानों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगी। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों और किसानों ने भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए ऐसे जनहितकारी निर्णय लिए जाते रहेंगे।

# वार्षिक अधिवेशन में महिलाओं एवं वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान





**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज गंगरेल पाली का वार्षिक अधिवेशन तुमराबहार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुमराबहार सरपंच दीपक ध्रुव थे जबकि अध्यक्षता समाज के राज अध्यक्ष बलराम यादव शकरवारा ने की। विशिष्ट अतिथि कचरुराम यादव, महेश्वर नेताम, निरंजन कोर्राम, मुरली यादव, तुलसीराम यादव, मुकेश यादव थे। अधिवेशन की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की कलश शोभायात्रा से हुई, जो ग्राम भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। इस अवसर पर महिलाओं एवं वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन माखन यादव तथा आभार व्यक्त अध्यक्ष राजकुमार यादव ने किया।

# महाशिवरात्रि का अर्थ अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ना है : सरिता

■ बिरगुड़ी के प्रभु स्मृति भवन में शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम बिरगुड़ी स्थित प्रभु स्मृति भवन में ब्रम्हाकुमारीज के तत्वावधान में शिव ध्वजारोहण कार्यक्रम श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा थे। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच अकबर कश्यप, राधेश्याम लाल नाग, नरेंद्र कश्यप, देव पुजारी यशवंत नाग, बुधार लाल ध्रुव, रूपलाल नाग सहित बीके भावना एवं फुलेश्वरी बहन रही। अतिथियों ने पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ शिव ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बीके सरिता मुख्य संचालिका ब्रम्हाकुमारीज जिला धमतरी ने कहा कि शिव ध्वज आध्यात्मिक जागरण, शांति और विश्व कल्याण का प्रतीक है। उन्होंने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिव निराकार, ज्योति बिंदु परमपिता परमात्मा हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। रात्रि अज्ञान का प्रतीक है और महाशिवरात्रि का वास्तविक अर्थ अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ना है। उपसरपंच अकबर कश्यप ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम के दौरान शिवमयी नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

# भाजपा ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

भारतीय जनता पार्टी मंडल पुरूर ने पार्टी के विभिन्न मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान किया साथ ही आम जनता को प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनओं का लाभ दिलाने दिशा निर्देशित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि सभी वर्ग एवं आमजनता को पार्टी से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न मोर्चा का गठन किया गया है। पार्टी में सक्रिय रूप से काम करने वालों को संगठन से जोड़ा गया है। मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय ने कहा कि पुरूर मंडल में सब मिलजुलकर कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से पार्टी मजबूत होगी।

किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय साहू, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष योलेश साहू, अनुसुचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष भीम सेन ध्रुव, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष धन्नू लाल टंडन सहित सभी मोर्चा मंडल अध्यक्ष का सम्मान किया गया। मौके पर जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, त्रिलोकी साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, कुबेर साहू, प्रहलाद साहू, संजय साहू, शैलेन्द्र शोरी, द्वारिका सिन्हा, रघुवीर साहू, रामचंद साहू सहित

# विज्ञान जीवन जीने की सोच और समस्या समाधान का माध्यम है : मधुसिंह

■ हाईस्कूल करेली बड़ी में उत्साहपूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शासकीय हाईस्कूल करेली बड़ी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभिन्न शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जीवविज्ञान की व्याख्याता एवं विज्ञान प्रभारी मधु सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि विज्ञान मानव जीवन को सरल और उन्नत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

मंच का संचालन करते हुए जितेंद्र सुकुमार साहिर ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रत्येक 28 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन ने वर्ष 1928 में अपने महत्वपूर्ण खोज रमन प्रभाव की घोषणा की थी। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल प्राइज इन फिजिक्स से सम्मानित किया गया था तब से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाने लगा।

संस्था के उपप्राचार्य ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा नई खोजों के प्रति जिज्ञासु बने रहने के लिए प्रेरित किया। अवध राम साहू एवं प्रमोद कुमार साहू ने विद्यार्थियों को विज्ञान का महत्व एवं उसके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में बताया। कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक सोच और समस्या समाधान का माध्यम है।

गणित की व्याख्याता यामिनी गायकवाड़ ने विद्यार्थियों को जिज्ञासु बनने और हर विषय को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने की प्रेरणा दी। कहा कि आज का युग विज्ञान और तकनीक का युग है। विद्यार्थियों को नवाचार एवं प्रयोग के माध्यम से सीखने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। दुर्गा सिन्हा ने कहा कि निरंतर प्रयास और मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। गीतेश्वर सिंह साहू एवं चंद्रप्रकाश साहू ने कहा कि वैज्ञानिक सोच समाज के विकास की आधारशिला है। आभार व्यक्त रसायन की व्याख्याता भावना ठाकुर ने किया।

# शराब बेचने और खरीदने पर 10 हजार का जुर्माना




■ अटंग में शांतिपूर्ण होली त्योहार मनाने ग्रामीणों ने लिए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम पंचायत अटंग में रंग और गुलाल का त्योहार होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष भागवत राम साहू के मार्गदर्शन में ग्रामीणजनों की मीटिंग रखी गई जिसमें चौक-चौराहों पर डीजे बजाना, कीचड़ फेंकना, कपड़ा फाड़ना, अंडा फेंकना, शराब पीकर लड़ाई झगड़ा, गाली-गलौज पर पूरी तरह प्रतिबंध रखा गया है। इस तरह की हरकत करने वाले व्यक्ति पर 10 हजार का जुर्माना लगाया जायेगा। शराब बेचने और खरीदने पर 10 हजार दंड का प्रावधान है। चौक चौराहों पर शराब पीना व पिलाना, छोटे बच्चों को नशीला पदार्थ बेचना, डिस्पोजल बेचना प्रतिबंधित किया गया था। महिला कमांडो का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर भागवत राम साहू, हेदनाथ निर्मलकर, इंद्रुराम साहू, वेदप्रकाश साहू, शंकर लाल चंद्राकर, टेकराम साहू पूर्व सरपंच, तेजेंद्र तारक, श्यामलाल चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू, संतवन साहू, भागवत साहू, राकेश चंद्रकर, भोलाराम चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# पंडरीपानी माल के बच्चों ने देखा पुरखौती मुक्तांगन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला पंडरीपानी माल के बच्चों में संतुलित विकास एवं व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा शिक्षक स्टाफ के साथ मिलकर बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण में राजधानी रायपुर का भ्रमण करवाया गया। सर्वप्रथम नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन पहुंचे जहां छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़ी विभिन्न नृत्य एवं अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया गया। इसके बाद नवनिर्मित आदिवासी संग्रहालय, जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति की बेमिसाल धरोहर है, का अवलोकन कराया गया। कक्षागत कार्यों में सम्मिलित विभिन्न विषय वस्तु को बच्चों ने जीवंत रूप में देखा, जो उनके लिए काफी रोमांचक रहा। अपने गांव घर से जुड़ी घटनाएं, संस्कृति को जीवंत रूप में देखना बच्चों के लिए बड़ा ही आनंददायक क्षण रहा। ऊर्जा पार्क बच्चों के लिए काफी आनंदित करने वाला रहा। बच्चों ने अपने बाल मन को पालकों, शिक्षकों के साथ जीया। झूला, फिसलपट्टी एवं अन्य खेल खिलौने के साधन, फव्वारा, गार्डन बच्चों को आनंदित करने वाला रहा। बच्चों ने शदाणी दरबार के दर्शन किए।

जीनियस पब्लिक स्कूल में रंगों की उमंग

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने खेली होली, एक दूसरे को लगाया गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी






जीनियस पब्लिक स्कूल में होली पर्व मनाया गया। शनिवार को विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक रंगों का त्योहार मनाया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के गालों पर गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया तथा गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों की खिलखिलाहट और रंगों की खुशबू से पूरा विद्यालय परिसर सराबोर हो उठा। मासूम चेहरों पर सजे रंग और मुस्कान ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में सामाजिक मूल्यों, आपसी प्रेम और सहयोग की भावना का विकास होता है।

रविवार को विद्यालय में पत्रकारों के सम्मान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरी क्षेत्र के पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। समारोह की शुरुआत नगाड़ों की गूंजती थाप और मनमोहक फाग गीतों से हुई, जिसने पूरे परिसर को उत्साह और उमंग से भर दिया। विद्यालय परिवार के मुखिया मोहन सोनी, संतोष अगलावे, प्राचार्य एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और संगीत की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए सौहार्द्र का संदेश दिया।

समापन अवसर पर पत्रकारों को उपहार भेंटकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। डायरेक्टर मोहन सोनी ने अपने संबोधन में बच्चों पर मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से रचनात्मक और संस्कारयुक्त वातावरण देने का आह्वान किया। रंग, उमंग और सम्मान से परिपूर्ण यह आयोजन गरिमामय, सफल और यादगार रहा।

**खबर संक्षेप**

## सातधार महिला उत्पादक समूह भवन का उद्घाटन

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के नेतृत्व में ग्राम पंचायत हितामेटा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित बिहान योजना के तहत सातधार महिला उत्पादक समूह के नवनिर्मित भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। नव-निर्मित भवन के माध्यम से उत्पादक समूह की दीदियां जिले में उपलब्ध विभिन्न वनोपज जैसे इमली, महुआ, टोरा, अमचूर, रागी, कोदो, कुटकी एवं धान आदि का क्रय कर उनका मूल्य संवर्धन करते हुए विक्रय करेंगी। इन उत्पादों का विपणन जिले में बिहान मिशन द्वारा गठित किसान उत्पादक कंपनी तथा खुले बाजार में किया जाएगा। इन समूहों से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 1750 दीदियां जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ममता मंडावी, जनपद सदस्य मुन्नाराम कश्यप, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गीदम जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव, उत्पादक कंपनी के सीईओ अभिजीत सरकार तथा एसी रावेंद्र मंडावी सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गीदम।** समग्र शिक्षा जिला दंतेवाड़ा द्वारा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर के निर्देशानुसार वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025-26 में प्राप्त स्वीकृति के आधार पर तथा कलेक्टर दंतेवाड़ा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन जिला अधिकारी के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों से संबंधित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गीदम स्थित सक्षम बालक आवासीय विद्यालय जावंगा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समावेशी, सहयोगात्मक एवं अनुकूल शिक्षण वातावरण विकसित करना था, ताकि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिले की चिन्हांकित 55 शालाओं के प्रधानाध्यापकों ने सहभागिता की। इस दौरान समावेशी शिक्षा की नीतियों, विद्यालय स्तर पर संसाधन प्रबंधन, व्यक्तिगत शैक्षणिक योजना निर्माण तथा शाला विकास योजना में दिव्यांग बच्चों के समावेश पर विस्तृत चर्चा की गई। द्वितीय दिवस 55 शालाओं के शिक्षकों को विशेष शिक्षण पद्धतियों, सहायक शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग, कक्षा में व्यवहार प्रबंधन, लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षण तथा विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं की पहचान एवं सहयोगात्मक रणनीतियों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तृतीय दिवस अभिभावकों एवं पालकों के लिए आयोजित सत्र में दिव्यांग बच्चों के अधिकार, घर-विद्यालय समन्वय, नियमित उपस्थिति, पुनर्वास सेवाओं तथा सहायक उपकरणों के उपयोग के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह ठाकुर का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सहायक परियोजना समन्वयक सुरजीत सिंह एवं सहायक परियोजना समन्वयक (वित्त) राजेन्द्र पांडेय की सक्रिय सहभागिता रही।

### एसपी की सतत मॉनिटरिंग में चाक-चौबंद व्यवस्था, विशेष पुलिस करेगी निगरानी

# होली त्योहार में 300 से अधिक पुलिस जवान व 33 पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

होली पर्व पर जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने इस बार विशेष पुलिस प्रबंध लागू करते हुए 300 से अधिक पुलिस जवान व 33 पेट्रोलिंग वाहनों की तैनाती की गई है।

पुलिस के अनुसार इस वर्ष 2 मार्च को होलिका दहन एवं 4 मार्च को रंग गुलाल धुलेंडी का पर्व मनाया जा रहा है। त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने सोमवार की शाम 4 बजे से आगामी आदेश तक विशेष पुलिस प्रबंध लागू किया गया। एसपी सूरजसिंह परिहार की सतत मानिटरिंग में संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था संचालित की जा रही है जिसके लिए एएसपी शैलेंद्र पांडे को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुभाग धमतरी, कुरूद, नगरी एवं केरेगांव व अकलाडोंगरी क्षेत्र में संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्पष्ट जिम्मेदारी सौंपी गई है। शहर में छोटे बड़े मिलाकर 110 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाना है। वहीं होली त्योहार पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। संवेदनशील क्षेत्र, धार्मिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनातकर सतत पेट्रोलिंग की जा रही है। नियंत्रण कक्ष द्वारा सभी पेट्रोलिंग पार्टी की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला विशेष शाखा एवं साइबर टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म, फेसबुक, व्हाटसअप पर भ्रामक आपत्तिजनक एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले संदेशों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। होटल, लॉज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, गेस्टहाउस आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की जा रही है।



### यातायात व्यवस्था के लिए विशेष अभियान

त्योहार पर यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। दोपहिया वाहनों में दो से अधिक सवारी, मुखौटा लगाकर वाहन चलाना व शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। ब्रेथ एनलाइजर से सघन जांच की जाएगी एवं आवश्कतानुसार वाहन जब्त किए जाएंगे।

### हुड़दंग करने वालों पर कड़ी नजर

पर्व में अवैध शराब की बिक्री, हुड़दंग, छेड़छाड, मारपीट, चाकूबाजी एवं जबरन रंग डालने जैसी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। गुंडा निगरानी बदमाशों की नियमित चेकिंग की कार्रवाई तथा आवश्कतानुसार जिलाबदर एवं एनएसए के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। लाउड स्पीकर एवं डीजे निर्धारित समय-सीमा एवं ध्वनि स्तर पर संचालित किया जाएगा। धमतरी पुलिस ने होली पर्व को आपसी भाईचारे, सौहार्द्र एवं शांति के साथ मनाकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है।

### बलवा ड्रिल सामग्री के साथ जवान तैनात

त्योहार के दौरान 300 से अधिक पुलिस जवान, 33 पेट्रोलिंग वाहन, 15 बाइक पेट्रोलिंग, 2 क्यूआरटी टीम, 23 फिक्स पिकेट एवं पर्याप्त रिजर्व बल, बाडीगार्ड, हेलमेट एवं बलवा ड्रिल सामग्री के साथ तैनात किए गए हैं।

# धर्म का पालन करना ही सर्वोपरि है : साध्वी रूपम



- थूहा में शिव महापुराण कथा का हुआ समापन, बारह ज्योतिर्लिंग की सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम थूहा में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का समापन हुआ। इस आयोजन की जिम्मेदारी लिखेन्द्र और चित्ररेखा यादव परिवार ने संभाली, जिन्होंने क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीधाम वृंदावन से पधारीं कथावाचिका साध्वी रूपम राघव ने अपने अमृतमयी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को जीवन का नया दृष्टिकोण दिया।

साध्वी ने बारह ज्योतिर्लिंगों के पौराणिक महत्व को विस्तार से समझाया और गौतम बुद्ध के जीवन के संघर्ष व त्याग पर प्रकाश डाला। उन्होंने आत्मशांति और विश्व शांति के लिए शिव, हरि और बुद्ध के ज्ञान को आत्मसात करने पर जोर दिया। साध्वी ने संदेश दिया कि चुगली, व्यर्थ की चर्चा और सांसारिक माया मोह से बचकर ही व्यक्ति अपना मंगल कर सकता है।

रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के प्रसंग में उन्होंने धर्म का मर्म समझाते हुए कहा कि यदि कोई शिष्य धर्म के विरुद्ध आचरण करता है, तो गुरु भी उसे बचाने नहीं आता क्योंकि धर्म का पालन करना ही सर्वोपरि है। कथा के समापन पर सामूहिक शिव शक्ति अभिषेक और पूजा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व सिविल जज ताराचंद यदु, पूर्व अपर कलेक्टर ओंकार यदु, सरपंच लोकेश्वर ध्रुव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे। आभार प्रदर्शन प्रेस क्लब कुरुद के संरक्षक कृपाराम यादव ने किया।

# दिव्यांग हितग्राही को मिली ट्रायसिकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा




ग्राम पंचायत सांकरा के वार्ड क्रमांक 07 निवासी बिसनाथ साहू पिता अघन साहू को ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। यह ट्राईसाइकिल अरुण सार्वा जिला पंचायत अध्यक्ष एवं नागेंद्र बोरझा सरपंच ने दी। ट्राईसाइकिल मिलने से बिसनाथ साहू की दैनिक आवाजाही में काफी सुविधा होगी।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है, ताकि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि वे दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और भविष्य में भी इस प्रकार की जनसेवा निरंतर जारी रहेगी।

कार्यक्रम में उपसरपंच हरीश साहू, वार्ड पंच मनोज पटेल, लवकुमार साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, पवन साहू, छगन साहू, सहनुराम साहू, साधुराम साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# समाज की प्रगति शिक्षा, संस्कार और संगठन की मजबूती पर निर्भर : रंजना

- सोरम में झेरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम सोरम में झेरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। समाज के पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों, सामाजिक उत्थान के प्रयासों एवं भावी योजनाओं की जानकारी साझा की। अतिथि उद्बोधन में श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि यादव समाज की संगठनात्मक शक्ति, एकजुटता और समाजहित में निरंतर किए जा रहे कार्य अत्यंत प्रेरणादायी हैं। किसी भी समाज की प्रगति शिक्षा, संस्कार और संगठन की मजबूती पर निर्भर करती है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि समाज की युवा पीढ़ी को आगे बढ़कर नेतृत्व संभालना चाहिए और समाज के गौरवशाली इतिहास एवं परंपराओं को नई दिशा देनी चाहिए। महिलाओं की सहभागिता को उन्होंने समाज की शक्ति बताते हुए कहा कि जब महिलाएं संगठित और सशक्त होती हैं, तब समाज स्वतः प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भगत यादव ने कहा कि झेरिया यादव समाज की पहचान उसकी एकता, अनुशासन और सामाजिक समर्पण से है। समाज का उद्देश्य केवल परंपराओं का निर्वहन करना नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना भी है। कार्यक्रम में श्रीमती अनीता यादव जनपद सदस्य धमतरी, श्रीमती अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी, मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य, पार्वती मोहित साहू जनपद सदस्य, श्यामसुंदर सिन्हा सरपंच, रंजीत यादव, सुंदरलाल यादव, मनोज यादव, राजू यादव, आशा यादव, जगतराम यादव प्रदेश संयोजक, सुकालूराम यादव प्रदेश संरक्षक, जीआर यादव कोषाध्यक्ष आरडी यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य, जितेंद्र यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# बनबगौद स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय माध्यमिक शाला बनबगौद में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने सूर्य घड़ी, चुंबक के प्रयोग, थर्मामीटर एवं उसके प्रकार, बीपी मशीन एवं पल्स ऑक्सीमीटर द्वारा स्वास्थ्य जांच, ज्वालामुखी मॉडल, विद्युत जनरेटर, अम्ल-क्षार परीक्षण, विद्युत के सुचालक व कुचालक का परीक्षण, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया, मानव अस्थियों तथा सौरमंडल के मॉडल प्रस्तुत किए। प्रधान पाठक सीके चंद्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजन से विज्ञान विषय के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है। सरपंच नोमेश्वरी ध्रुव ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के व्याख्याता डॉ. आशीष नायक ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वैज्ञानिक सोच को जीवन में अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन श्वेता वासनिक तथा आभार प्रदर्शन वीके सुरपाम ने किया। इस अवसर पर बलराम नेताम, मंशाराम साहू, विष्णु साहू, संगीता ध्रुव, प्रमोद महाराणा, गोपीराम, राकेश ध्रुव, पतिराम, दिनेशदास मानिकपुरी, दिलीपदास निर्मलकर, निर्मला मरकाम, एआर खान, लोकेश निर्मलकर, प्रमोद साहू, लक्ष्मीनारायण, भारती ध्रुव, मीना पहरिया, महेश्वरी, जयश्री सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# 33 गांवों में गूंजा गायत्री मंत्र, 1733 भक्तों के संस्कार से जिले में बना आध्यात्मिक इतिहास

- जन्म शताब्दी वर्ष के तहत 3, 5, 9 कुण्डीय यज्ञ की श्रृंखला, वर्ष 2026 में 51 गांवों तक विस्तार का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जन्म शताब्दी वर्ष अभियान अंतर्गत जिले के पांचों विकासखंडों में 3, 5 व 9 कुण्डीय गायत्री यज्ञों की सशक्त श्रृंखला संचालित की जा रही है। इस अभियान के तहत मात्र तीन माह में 33 गांवों में यज्ञ आयोजन कर 1733 विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए, जिससे जिले में आध्यात्मिक चेतना का नया अध्याय जुड़ गया। यज्ञ व संस्कार शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित आचार्यों के मार्गदर्शन में विधिवत संपन्न कराए जा रहे हैं।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य यज्ञीय ऊर्जा के माध्यम से गुरुदेव के युग निर्माण व विचार क्रांति अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को नशामुक्त, संस्कारवान और आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त माध्यम है। गायत्री मंत्र की शक्ति से व्यक्ति, परिवार और समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

यज्ञ आयोजन धमतरी विकासखंड के अछोटा, देमार, पीपरछेड़ी, मुजगहन, लोहरसी, गायत्री शक्तिपीठ बठेना, कोष्टापारा, कुरुद विकासखंड के ग्राम परखंदा, बोदाछापर, छाती, जामगांव, सेलदीप, मोंगरा, सिर्री, चोरभट्टी, मगरलोड विकासखंड के ग्राम छिपली, रांकाडीह, भैंसमुंडी, मेघा, लुगे, कुण्डेल, खैरझिटी, कपालफोड़ी व भखारा विकासखंड के ग्राम हंचलपुर, पचपेड़ी, कोर्रा सहित नगरी क्षेत्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

इस दौरान गुरु दीक्षा 276, पुंसवन 227, विद्यारंभ 1012, मुंडन 123, जन्मदिन संस्कार 31, विवाह दिवस 51 तथा अन्नप्राशन 15 संस्कार कराए गए। श्रद्धालुओं की सहभागिता से गांव-गांव में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ।

दिलीप नाग ने बताया कि वर्ष 2026 में जिले के 51 गांवों में यज्ञ आयोजन का लक्ष्य रखा गया है। गायत्री परिवार व शांतिकुंज के मार्गदर्शन में यह निरंतर जारी रहेगा, ताकि संस्कार, सद्भाव और नैतिक मूल्यों से युक्त समाज का निर्माण हो सके।

# होली पर पानी की नहीं होगी किल्लत



- नगर निगम के जल विभाग ने किए विशेष प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

होली पर्व को देखते हुए नगर निगम के जल विभाग द्वारा शहरवासियों को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। विभाग के प्रभारी अखिलेश सोनकर ने बताया कि होली के दिन 4 मार्च को शहर में तीन बार पानी की आपूर्ति की जाएगी, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि जलापूर्ति के लिए सभी मोटर पंपों की जांच एवं मरम्मत कार्य पहले ही पूर्ण कर लिया गया है। जिन क्षेत्रों में मोटर पंप के माध्यम से पानी की आपूर्ति होती है, वहां भी सुचारू रूप से जल वितरण किया जाएगा। इसके अलावा जल विभाग की टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी स्थान पर तकनीकी समस्या आने पर तत्काल समाधान किया जा सके।

प्रभारी श्री सोनकर ने कहा कि होली जैसे बड़े पर्व पर पानी की मांग सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रहती है, इसे ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। जलाशयों में पर्याप्त जल भंडारण सुनिश्चित किया गया है तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मोटर पंप भी तैयार रखे गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पानी का उपयोग आवश्यकतानुसार और संयमपूर्वक करें, ताकि सभी क्षेत्रों में समान रूप से जलापूर्ति बनी रहे।

# जैन संघटना महिला शाखा ने किया नारी शक्ति का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जैन संघटना महिला शाखा धमतरी के तत्वावधान में होली मिलन एवं महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज की सक्रिय, प्रेरणादायी और अग्रणी महिलाओं को सम्मानित कर उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा कार्यों में योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में संतोष मिन्नी, पूजा लुंकड़, शिल्की मूलवानी सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजक गतिविधियां और होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्ष संगीता गोलछा, सचिव इंद्रा लुकड़, सुषमा जैन, सूर्या लुकड़ ने महिला शाखा की गतिविधियों की जानकारी दी। इस आयोजन में अंजू लोढ़ा, किरण लोढ़ा, मधु दुग्गड़, अनीता गोलछा, शशि गोलछा, अंजू छाजेड, अपेक्षा लोढ़ा, शकुन पारख, ममता पारख, मधु जैन, रेखा गोलछा, चंचल जैन, किरण लूनिया, राजकुमारी पारख, शशि जैन, दुर्गा जैन सहित अनेक सदस्यों का योगदान रहा।

# कांग्रेस पार्षदों ने निगम प्रशासन पर लगाए आरोप

- नगर निगम के एक साल के कार्यकाल को विफल बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम के एक वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस पार्षदों ने निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि बीते एक वर्ष में नगर निगम पूरी तरह विफल साबित हुआ है। जिस मार्ग से महापौर प्रतिदिन निगम कार्यालय आते-जाते हैं, उसी सड़क की मरम्मत अब तक पूरी नहीं हो सकी, जबकि विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। उन्होंने डीजल घोटाला, टिप्पर घोटाला, टेंडर हेराफेरी और बेलन मशीन खरीदी जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के आरोप लगाए। उपनेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र देवांगन ने कहा कि निगम प्रशासन के पास कोई स्पष्ट विजन नहीं है। हाईटेक बस स्टैंड, सड़क चौड़ीकरण और नालंदा परिसर जैसे कार्य पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की देन है, जिनका श्रेय वर्तमान नेतृत्व लेने का प्रयास कर रहा है।

पार्षद योगेश लाल और सूरज गहरवाल ने कहा कि पार्षद निधि के कार्यों के टेंडर तक नहीं हो पा रहे, जिससे वार्डों में विकास ठप है। वहीं सुमन सोमेश मेश्राम और पूर्णिमा गजानंद रजक ने निगम के एक वर्ष को नाकामी से भरा बताया।

उमा भागी ध्रुव एवं रामेश्वरी कोसरे ने कहा कि पट्टाविहीन परिवारों को आवास देने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि धमतरी की जनता सब देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

# मोहरेंगा में टीएलएम, मापन मेला आयोजित

**मगरलोड।** संकुल केंद्र मोहरेंगा में राष्ट्रीय विज्ञान, टीएलएम, मापन मेला का आयोजन संकुल स्तर पर किया गया जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला अमलीभाठा, दमकाडीह, मोहरेंगा, बरभाठा, परेवाडीह व माध्यमिक शाला मोहरेंगा के बच्चे व शिक्षक सहभागी रहे। कार्यक्रम में भूपेंद्र ध्रुव सरपंच मोहरेंगा, गणपत पटेल ग्रामीण अध्यक्ष, मोहन पटेल, बालाराम पटेल, जितेंद्र कुमार साहू, भागीरथी सोनकर, श्रीमती उर्मिला साहू , शंकर लाल ध्रुव, रमेश कुमार यादव, युवराज देवदास, कोमल निर्मलकर, चंद्रशेखर साहू, जितेंद्र पटेल, होमेश्वर साहू, बिंदेश्वर कंवर, भागवत प्रसाद साहू, पंकज सूर्यवंशी, डागेश्वर साहू, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रीमती दीपा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**तिजनाहवन आज**

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माताजी **श्रीमती फगनीबाई निषाद** का स्वर्गवास निधन दिनांक 01.03.2026 दिन रविवार को हो गया है। अतः आप सहपरिवार पधार सम्मिलित होकर दिवंगत अमर आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करने की महान कृपा करेंगे।

तिजनाहवन एवं संपूर्ण कार्यक्रम : 3.3.2026, मंगलवार
स्थल : ग्राम राजपुर (मगरलोड) तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे संपन्न होगा



श्रीमती फगनीबाई निषाद

शोकाकुल : गोपाल, सुंदर, खेलन, मनराखन, नंदू, नंदलाल, पुनत, थानू, मोतीलाल, सेवक, सेवंत, नरोत्तम, जीवराखन, राकेश, पवन, दाऊलाल, राजेश, पुरषोत्तम, भुनेश्वर, कुलेश्वर, टुमेन्द्र, टेमन, राधा, राशि, टेमन, मनीष, मिथुन, देवांशु, ईतांश, चिव्यांस, गेतांश एवं समस्त निषाद परिवार

- विनीत-
श्री टेकराम निषाद (पुत्र)
श्रीमती अन्नू निषाद (पुत्रवधु)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न

सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### मिलन समारोह में एकता का संदेश

**जगदलपुर।** अंचल के तेलुगू ब्राह्मण परिवारों को एक सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से 1 मार्च को बस्तर तेलुगू ब्राह्मण संघम् द्वारा विशेष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था कि भविष्य में सभी परिवार एक-दूसरे की आवश्यकताओं, सुख-दुख और सामाजिक दायित्वों में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की आराधना से हुई। इसके पश्चात उपस्थित वरिष्ठजनों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। सहभागी परिवारों ने आपस में विस्तृत परिचय देते हुए उन वरिष्ठजनों को स्मरण किया, जिन्होंने सीमित संसाधनों और संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद समाज को संगठित रखने का निरंतर प्रयास किया। संघम् की ओर से पुराने वरिष्ठजनों के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मान पत्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया, ताकि नई पीढ़ी भी उनके सामाजिक समर्पण से प्रेरणा ले सके। इस अवसर पर जगदलपुर के अलावा बस्तर संभाग के कोंडागांव और सुकमा जिले से भी परिवारों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समारोह में समाज के वरिष्ठजनों के साथ पंडित शंकर राव, प्रसाद राव, जी सूर्या राव,टी वेंकट साईं, टी एस एस प्रकाश, वेणु गोपाल राव, महेश तेन्नेटी,तेन्नेटी नाधम, पी रंगाचारी एवं अन्य ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

### उपनेता प्रतिपक्ष बनने पर अभिनंदन

**जगदलपुर।** जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष टी.वि. रवि ने बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष नियुक्त होने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी।

### बलिराम कश्यप वार्ड में एक वर्ष पूरे होने पर सफाई अभियान

जगदलपुर। एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 1 मार्च को स्व.बलिराम कश्यप वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत वार्ड में व्यापक साफ-सफाई के साथ घर-घर पहुंचकर नागरिकों से "स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ जगदलपुर, स्वच्छ जिला, स्वच्छ राज्य" के संकल्प में सहभागी बनने का आग्रह किया गया।
कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर संपर्क कर लोगों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर कचरा गाड़ी में देने की अपील की। स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वार्ड में मच्छरनाशी दवाई का छिड़काव भी किया गया, ताकि मौसमी बीमारियों की आशंका को कम किया जा सके। अभियान के दौरान जनजागरूकता पर विशेष बल दिया गया। लोगों को समझाया गया कि कचरा पृथक्करण से न केवल सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होती है,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया भी प्रभावी बनती है। वार्डवासियों ने भी इस पहल में सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रंजीत पांडे, वीर नारायण दूधी, बूथ अध्यक्ष पुष्पा तिवारी, रीना राय, प्रियंजलि दास, बीएएलए माला दास, महिला मोर्चा सदस्य प्रीति कौर, पूर्वी मंडल मीडिया प्रभारी शैलेश श्रीवास्तव तथा वार्ड पार्षद गिरिजा गुप्ता की उपस्थिति में अभियान संपन्न हुआ।

## वाटर ट्रीटमेंट प्लांट फेज-2 पूरी तरह तैयार, 40 वार्डों में सप्लाई तय

# गर्मी से पहले शहर को मिलेगा भरपूर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी शहर के लिए नगर निगम की बहुप्रतीक्षित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट फेज-2 योजना अब निर्णायक मुकाम पर पहुंच चुकी है। लगभग सात वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यह महत्वाकांक्षी परियोजना धरातल पर पूरी तरह साकार होने जा रही है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और अब केवल इंटर कनेक्शन का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूरा कर जलापूर्ति शुरू की जाएगी।

इंटर कनेक्शन होते ही अतिरिक्त शुद्ध पानी शहर की मुख्य जल वितरण प्रणाली से जुड़ जाएगा। इससे 40 वार्डों में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी और जिन क्षेत्रों में अब तक दबाव कम रहने की शिकायत थी, वहां भी पर्याप्त फोर्स के साथ जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। सुंदरगंज, मकेश्वर, बठेना, हटकेशर, जोधापुर, विवेकानंद नगर, सोरिद, गोकुलपुर सहित कई वार्डों के नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।



### 1500 नए जल कनेक्शन की सौगात

फेज-2 परियोजना अंतर्गत शहर के 15 वार्डों में लगभग 1500 नए घरेलू जल कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही नालियों से होकर गुजर रही पुरानी और असुरक्षित पाइपलाइन को हटाकर नई आधुनिक पाइपलाइन बिछाई जाएगी। वर्तमान में धमतरी के 40 वार्डों में लगभग 19,200 जल कनेक्शन हैं, जिनके माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन औसतन 114 लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही है। फेज-2 के बाद यह व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

### फेज-2 शहर के लिए गेमचेंजर साबित होगा

जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता है कि गर्मी से पहले हर वार्ड तक पर्याप्त और सुचारू जल आपूर्ति पहुंचे। उन्होंने कहा कि फेज-2 धमतरी शहर के लिए गेमचेंजर साबित होगा। सोरिद, गोकुलपुर, जालमपुर और अंबेडकर वार्ड में इंटर कनेक्शन का कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अब किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। नागरिकों को पानी के लिए भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित करना नगर निगम की जिम्मेदारी है।

### निगम की सख्ती से बढ़ी कार्य की रफ्तार

नगर निगम ने फेज-2 के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया है। लगातार निगरानी और समय-समय पर निर्देश देकर कार्य को गति दी जा रही है, ताकि निर्धारित समय सीमा में आम जनता को लाभ मिल सके।

नगर निगम का लक्ष्य है कि मार्च माह से फेज-2 के तहत जलापूर्ति प्रारंभ कर दी जाए, ताकि बढ़ती गर्मी के दौरान शहरवासियों को पानी की किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह परियोजना न केवल वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, बल्कि भविष्य की बढ़ती आबादी और जल मांग को भी संतुलित करेगी।

# कुकरेल में कोया पूनेम गोंडी गाथा का समापन





- एकता, नशामुक्ति और सांस्कृतिक संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुकरेल(धमतरी)

गोंडवाना भवन में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र कुकरेल के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा का समापन हुआ। मुख्य प्रवाचक शंकर शाह इरपाची (मध्यप्रदेश) ने गोंडवाना की उत्पत्ति, गोंडी धर्म-संस्कृति, परंपराओं, पाहन्दी कुपार लिंगो, सतरंगी झंडा, महुआ फूल तथा गोंड समाज के 750 गोत्रों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने समाज की एकता, नशामुक्ति और कुरीतियों के त्याग का संदेश दिया। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष गजानंद मरकाम, सचिव विनोद मरकाम, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह नेताम, संरक्षक अश्विनी ठाकुर, गोवर्धन मंडावी, श्यामलाल कोर्राम, संतोष कुंजाम, सखाराम टेकाम, महिला प्रभाग अध्यक्ष कमलेश्वरी मरकाम, जिलाध्यक्ष चन्द्रकला नेताम एवं चन्द्र किरण नेताम की सहभागिता रही।

इसके अलावा सर्व आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, विनोद नागवंशी, यूआर गंगराले, उदय नेताम, डॉ. एआर ठाकुर, शिव नेताम, संतोष सोरी, श्यामलाल नेताम, ढालू राम ध्रुव, चमेली नेताम, रामेश्वर मरकाम, भूमिका कोर्राम, रमी गौतम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# होली पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



- 4-5 मार्च को गैंग रहेंगे तैनात विभाग के प्रभारी ने ली सफाई कर्मचारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

होली पर्व के दौरान शहर की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग के प्रभारी नीलेश लूनिया ने सफ़ाई कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और 4 एवं 5 मार्च को सभी सफ़ाई गैंग को पूरी तरह तैयार और सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में प्रभारी नीलेश ने कहा कि होली के दौरान रंग-गुलाल, पूजा सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट के कारण शहर में गंदगी बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में सफ़ाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी वार्डों में नियमित सफ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त सफ़ाई की भी व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर सफ़ाई गैंग को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा, ताकि किसी भी क्षेत्र में गंदगी की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल सफ़ाई की जा सके। इसके अलावा प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों, मंदिरों और होलिका दहन स्थलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री लूनिया ने सफाई सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग करें और सफाई कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यक संसाधन और वाहन भी उपलब्ध रखे जाएं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि होली के दौरान कचरा इधर-उधर न फेंकें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। सुपरवाइजरों की बैठकों में स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर, मैग्नस सिंह ठाकुर, श्यामलाल नेताम आदि उपस्थित थे।

# गोकुलपुर में महापौर ने किया विद्युत पोल स्थापना का भूमिपूजन

- निगम क्षेत्र में विद्युत सुधार कार्य के लिए 2 करोड़ 14 लाख रुपये स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश की महत्त्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना अंतर्गत धमतरी नगर निगम को बड़ी सौगात मिली है। योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में विद्युत सुधार कार्यों के लिए 2 करोड़ 14 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी क्रम में गोकुलपुर वार्ड भटगांव रोड स्थित संदीप डेयरी के पास विद्युत पोल स्थापना कार्य का भूमि पूजन महापौर रामू रोहरा ने किया।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि गोकुलपुर वार्ड सहित कई क्षेत्रों में लंबे समय से विद्युत पोल स्थापना, पोल शिफ्टिंग तथा जर्जर केबल बदलने की मांग की जा रही थी, जिसे अब मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। योजना अंतर्गत शहर के सभी 40 वार्डों में आवश्यकतानुसार विद्युत पोल शिफ्टिंग, नए पोल की स्थापना तथा पुराने एवं क्षतिग्रस्त केबल वायर बदलने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इससे विद्युत व्यवस्था अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ एवं व्यवस्थित होगी। महापौर ने कहा कि मजबूत विद्युत अधोसंरचना से नागरिकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना में भी कमी आएगी।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम के 40 वार्डों के पार्षदों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु नए विद्युत पोल लगाने, पोल शिफ्टिंग करने एवं केबल वायर बदलने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। उन्हीं प्रस्तावों के आधार पर शासन स्तर से यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। कार्यक्रम में सभापति कौशिल्या देवांगन, एपी सोनी कार्यपालन अभियंता, धमतरी संभाग भारत सिन्हा सहायक अभियंता, धमतरी शहर रूपेश जोशी सहायक अभियंता, शेषनारायण देवांगन कनिष्ठ अभियंता, ठेकेदार, वार्ड पार्षद गजेंद्र कंवर, संतोष सोनकर, संजय देवांगन समेत नगर निगम के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# नशे से दूर रहकर सुरक्षित और स्वच्छ होली मनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

परमार्थ सेवा समिति, जननी सेवा संगठन एवं फ्रीडम फिजिकल एकेडमी द्वारा नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा, जल बचाओ, जीवन बचाओ तथा स्वच्छता को लेकर घड़ी चौक में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आने-जाने वाले नागरिकों को जागरूकता के माध्यम से समझाइश दी गई कि आगामी होली पर्व को शांति, सौहार्द्र और सुरक्षित वातावरण में मनाएं। विशेष रूप से नशे से दूर रहने, वाहन सावधानीपूर्वक चलाने, पानी की अनावश्यक बर्बादी न करने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने कहा कि त्योहार खुशियों और भाईचारे का प्रतीक है। इसे जिम्मेदारी और संयम के साथ मनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। सभी नागरिकों से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर सुरक्षित और स्वच्छ होली मनाएं तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाएं। इस अवसर पर आकाशगिरी गोस्वामी, शिवा प्रधान, एलके साहू, मोहनी साहू, ऋतु प्रधान, भावना मरकाम, मंजू टेमरे, भारती सोनी, डॉ. गणेशप्रसाद साहू, शेषनारायण गजेन्द्र, खोमन लाल साहू, शत्रुघन पांडे, लय चंद्राकर, होमेश्वर प्रसाद चंद्राकर ने गीत, नारे के साथ लोगों को जागरूक किया।

# टैक्स बकायादारों पर निगम हुआ सख्त

- पांच विशेष वसूली दल मैदान में
- सुबह से शाम तक चलेगा अभियान, किराया और कर न चुकाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व लक्ष्य हासिल करने के लिए नगर निगम ने बकाया करदाताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संपत्ति कर, समेकित कर, जल शुल्क, शिक्षा उपकर, दुकान किराया और यूजर चार्ज की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के लिए पांच विशेष जांच एवं वसूली दल गठित किए गए हैं। कार्रवाई से पहले प्रत्येक वार्ड में माइक से मुनादी कराकर बकायेदारों को अंतिम चेतावनी दी जा रही है।

निगम आयुक्त द्वारा जारी निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि सभी सहायक राजस्व निरीक्षक और वार्ड प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से वसूली अभियान चलाएंगे। दल प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5:30 बजे तक अभियान चलाएंगे। विभिन्न वार्डों और दुकानों के किराए की वसूली के लिए अलग-अलग दल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। सुंदरगंज, मोटर स्टैंड, सरदार वल्लभभाई पटेल, बनियापारा, बठेना, लालबगीचा, सुभाष नगर सहित दुकानों के किराया दल प्रभारी पुरूषोत्तम प्रजापति, महंत घासीदास, जालमपुर, नवागांव, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, औद्योगिक, मकेश्वर वार्ड के दल प्रभारी गिरधर साहू, गोकुलपुर, महिमासागर, जोधापुर, सोरिद, डॉ. अंबेडकर, डाकबंगला वार्ड के दल प्रभारी हेमंत यादव, रामसागर पारा, साल्हेवार पारा व मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत दुकान के किराया प्रभारी मोहम्मद शेरखान, टिकरापारा, रिसाईपारा पश्चिम व पूर्व प्रभारी कमलेश साहू बनाए गए।

प्रत्येक दल में सहयोगी कर्मचारियों की टीम भी नियुक्त की गई है, जो घर-घर और दुकान-दुकान जाकर बकाया राशि की जानकारी देगी और तत्काल भुगतान के लिए प्रेरित करेगी।

नगर निगम का उद्देश्य चालू वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत वसूली कर विकास कार्यों को गति देना है। अधिकारियों का मानना है कि सख्ती और जनजागरूकता के संयुक्त प्रयास से बकाया राशि की वसूली में तेजी आएगी।

### लालबगीचा वार्ड में विकास की रफ्तार तेज

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती हिमानी साहू के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण हो गया। इस दौरान वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण और जनहित से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। पार्षद के नेतृत्व में वार्ड में सड़क, सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर पहल की गई। उन्होंने सभापति के रूप में नगर निगम स्तर पर भी विधि एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े विषयों में सक्रिय भूमिका निभाई।



### फरसियां में ग्राम व्यवस्था समिति का गठन

**नगरी।** ग्राम फरसियां में ग्राम व्यवस्था समिति के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष पद पर सुभाष कश्यप को निर्वाचित किया गया। सचिव पद की जिम्मेदारी प्रदीप सोन को सौंपी गई, वहीं उपाध्यक्ष पद पर भीम सिन्हा तथा कोषाध्यक्ष पद पर अजीत सिन्हा को चुना गया।

### छोटेलाल की जयंती मनाई गई

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कंडेल नहर सत्याग्रह के प्रणेता एवं विख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की जयंती मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक द्वारा महाविद्यालय परिसर स्थित बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर देश की आजादी के लिए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया गया।













